nt>

Title: Need to save the valuable agricultural land by Channelisation of Chenab river waters from Akhnoor to Pakistan Border.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : अध्यक्ष जी, मैं आपकी बिसासत से अपनी कांस्टीटूएंसी में पुंछ पार्लियामैंट्री हल्के में दरिया चिनाब के दोनों तरफ रहने वाले लोगों की मुश्किलों की तरफ दिलाना चाहता हूं। जनाब, देश के दूसरे हिस्सों में दरिया और नदी-नाले बरसात में लोगों को तंग करते हैं, नुकसान देते हैं लेकिन हमारे सूबे के अंदर दरिया चिनाब है जिसमें गर्मियों में बर्फ पिघलने से पानी का बहाव बढ़ जाता है तथा बरसात में भी ज्यादा पानी आने की वजह से दरिया के दोनों तरफ रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। वहां 42 गांव ऐसे हैं जो इससे मुतासिर होते हैं। हर साल जब उसमें पानी बढ़ता है, तो सरकार को वहां से लोगों को हेलीकॉप्टर्स से निकालना पड़ता है। उनके लिए कैम्प लगाने पड़ते हैं और राशन देना पड़ता है। मैं इसमें दो बाते कहना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि हमारी रियासती सरकार ने जो प्रपोजल मरकजी सरकार को भेजा है, उस पर आप गौर करें क्योंकि दरिया के सैंटर में सिलटेज हो गया है, ऊंचा हो गया है और पानी राइट और लैफ्ट बैंक की ओर बहता है जिससे सैकड़ों देहात तबाह और बर्बाद हो रहे हैं तथा लाखों लोग बेघर हो जाते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इससे सैकड़ों एकड़ जमीन बचेगी, रैस्टोर होगी और उससे हमारे नौजवानों को इम्प्लायमैंट मिलेगा। दूसरी बात यह है कि हर साल हम उस पर जो करोड़ों रुपया खर्च करते हैं, वह भी बचेगा। मैं आपकी बिसासत से मरकजी सरकार और रैस्टोरेशन डिपार्टमैंट से प्रार्थना करना चाहता हूं कि जो प्रपोजल स्टेट गवर्नमैंट ने मरकजी सरकार को भेजा है जिस पर 23 करोड़ रुपये की लागत आयेगी, सरकार उसे क्लीयर करे और एक मुश्त पैसा वहां दें ताकि उस पर जल्दी काम हो सके। बाकी जगहों पर तो यह काम मार्च के बाद शुरू होता है लेकिन यहां यह काम सितम्बर से मार्च के बीच में हो सकता है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपकी बिसासत से चाहूंगा कि सरकार तत्काल इस बात पर गौर करे।

MR. SPEAKER: Hon. Members, there are about 23-24 hon. Members to raise the issues. However, I will see that everyone is accommodated.